BORDER NEWS MIRROR

ISSUE :

₹5

www.bordernewsmirror.com | Only bilingual Newspaper | 18-05-2022 ( Wednesday )



// PAGE 9

**रेड पैंट सूट में स्पॉट हुईं उर्वशी**

उर्वशी रौतेला हाल ही में एयरपोर्ट लुक में नजर आईं, रेड ड्रेस में उनके लुक को काफी पसंद किया गया.

// PAGE 9

**अवनीत कौर ने कराया हॉट फोटोशूट**

फेमस एक्ट्रेस अवनीत कौर इंटरनेट सेंसेशन बनी हुई हैं। सोशल मीडिया पर उनकी आए दिन कोई न कोई तस्वीर वायरल होती रहती है।

// PAGE 9

**कंगना ने कहा- बुलडोजर वाली सरकार चाहिए**

कंगना ने कहा है कि सरकार ऐसी लाओ, जो दंगों को कंट्रोल कर सके या फिर दंगाइयों के घर बुलडोजर भेज सके।



# भारत में निर्मित 5-जी टेस्ट-बेड आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : प्रधानमंत्री मोदी

**बीएनएम@नई दिल्ली**

**- 21वीं सदी में देश की प्रगति तय करेगी कनेक्टिविटी**

नई दिल्ली।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को स्वदेश में विकसित 5जी टेस्ट बेड के शुभारंभ को आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में भारत की कनेक्टिविटी देश की प्रगति की गति निर्धारित करेगी। ऐसे में उन्होंने कनेक्टिविटी को हर स्तर पर आधुनिक बनाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के रजत जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने ट्राई के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में डाक टिकट जारी किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने आईआईटी मद्रास के नेतृत्व में कुल आठ संस्थानों द्वारा बहु-संस्थान सहयोगी परियोजना के रूप में विकसित 5जी टेस्ट बेड का भी शुभारंभ किया। इस परियोजना को 220 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री ने 5जी टेस्ट बेड को टेलिकॉम सेक्टर में क्रिटिकल और आधुनिक टेक्नॉलॉजी की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम करार दिया। उन्होंने आईआईटी समेत इस प्रोजेक्ट से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के अपने 5जी मानक को 5जीआई के रूप में बनाया गया है, यह देश के लिए बहुत गर्व की बात है। यह देश के गांवों में 5जी तकनीक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कनेक्टिविटी 21वीं सदी के भारत में प्रगति की गति निर्धारित करेगी। इसलिए कनेक्टिविटी को हर स्तर पर आधुनिक बनाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि 5जी तकनीक देश के शासन, जीवन में सुगमता और व्यापार करने में आसानी में भी सकारात्मक बदलाव लाने जा रही है। इससे कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और रसद जैसे हर क्षेत्र में विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे सुविधा भी बढ़ेगी और रोजगार के कई अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि 5जी को तेजी से शुरु करने के लिए सरकार और उद्योग दोनों के प्रयासों की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने दूरसंचार क्षेत्र को एक महान उदाहरण के रूप में उद्धृत किया कि कैसे आत्मनिर्भरता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा समाज और अर्थव्यवस्था में गुणक प्रभाव पैदा करती है। 2जी स्पेक्ट्रम आंवटन घोटाले की ओर संकेत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "2जी काल की निराशा, हताशा, करप्शन, पॉलिसी पैरालिसिस से बाहर निकलकर देश ने 3जी से 4जी और अब 5जी और 6जी की तरफ तेज़ी से कदम बढ़ाए हैं।" उन्होंने कहा कि पिछले आठ साल में सरकार ने पांच 'आर' पहुंच, सुधार, विनियमन, प्रतिक्रिया और क्रांति के पंचामृत से टेलिकॉम सेक्टर में नई ऊर्जा का संचार किया है। उन्होंने इसमें अहम भूमिका निभाने का श्रेय ट्राई को दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि साइलो वाली सोच से आगे निकलकर अब देश सरकार के पूरे दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। आज हम देश में टेलीडेंसिटी और इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के मामले में दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ रहे हैं तो उसमें टेलीकॉम समेत कई सेक्टर्स की भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में जब हम आये, तो हमने सबका साथ सबका विकास और इसके लिए टेक्नोलॉजी के व्यापक उपयोग को अपनी प्राथमिकता बनाया। इसके लिए जरूरी था कि देश के करोड़ों लोग आपस में जुड़े, सरकार से भी जुड़ें और सरकार की सभी इकाइयां भी एक प्रकार से एक ऑर्गेनिक इकाई बनाकर आगे बढ़ें। इसलिए हमने जनधन आधार और मोबाइल की ट्रिनिटी को डायरेक्ट गवर्नेंस का माध्यम बनाना तय किया। उन्होंने कहा कि मोबाइल गरीब से गरीब परिवार की भी पहुंच में हो, इसके लिए हमने देश में ही मोबाइल फोन की मैन्युफेक्चरिंग पर बल दिया। परिणाम ये हुआ कि मोबाइल मैन्युफेक्चरिंग यूनिट्स 2 से बढ़कर 200 से अधिक हो गईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत देश के हर गांव तक ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ने में जुटा है। 2014 से पहले भारत में 100 ग्राम पंचायतें भी ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी से नहीं जुड़ी थीं। आज करीब-करीब पौने दो लाख ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंच चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ समय पहले सरकार ने देश के नक्सल प्रभावित अनेक जनजातीय जिलों में 4जी सुविधा पहुंचाने की बड़ी शुरुआत की है।



## दिलचस्प रही सीबीआई की छापेमारी : पी. चिदंबरम

**बीएनएम@नई दिल्ली**

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने कहा कि उनके आवास पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी की है। चिदंबरम ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि आज सुबह सीबीआई की एक टीम ने चेन्नई में उनके आवास और दिल्ली आवास पर छापेमारी की है। उन्होंने कहा कि इस तलाशी अभियान में सीबीआई को कुछ मिला तो नहीं है लेकिन छापेमारी काफी दिलचस्प रही। चिदंबरम ने कहा कि टीम ने उन्हें एक प्राथमिकी दिखाई, जिसमें उनका नाम आरोपी के रूप में नहीं था। तलाशी टीम को उनके घर से कुछ मिला भी नहीं है और ना ही उन्होंने कुछ जब्त किया है। सूत्रों का कहना है कि सीबीआई की यह रेड चिदंबरम के बेटे व लोकसभा सांसद कार्ति चिदंबरम के खिलाफ एक मामले को लेकर की गई है। कार्ति पर चीन के 250 नागरिकों को वीजा दिलवाने के एवज 50 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है।



# नवजात बच्चों के लिए डिलीवरी प्वाइंट पर समेकित जांच होगी : मंगल पांडेय




बीएनएम@पटना

**-शिशु और प्रसूती रोग विशेषज्ञों को किया गया प्रशिक्षित**

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य विभाग राज्य के सभी डिलीवरी प्वाइंट पर अब नवजात शिशुओं के लिए समेकित जांच की व्यवस्था का प्रावधान कर रहा है। इस सिलसिले में दो चरणों में 76 शिशु एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि अब प्रशिक्षित चिकित्सक जिलों में जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पतालों में कार्यरत एएनएम, जीएनएम एवं सभी सहयोगी चिकित्सकों को प्रशिक्षित करेंगे। इस कार्य के पूर्ण होने के बाद राज्य के सभी डिलिवरी प्वाइंट, जिला अस्पताल, रेफरल अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल एवं सभी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल पर समेकित जांच की शुरुआत हो जाएगी। ऐसा कर नवजात बच्चों में त्वरित गति से यह पता लगाया जा सकेगा कि उनमें किसी प्रकार की शारीरिक कमियां या गंभीर बीमारी के लक्षण तो नहीं हैं। इससे शारीरिक अपंगता या दुर्बलता की स्थिति से बचाया जा सकेगा। मंगल पांडेय ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशुओं की होने वाली जांच को पहले के मुकाबले सुदृढ़ किया जा रहा है। यदि नवजात में किसी प्रकार की शारीरिक कमियां या विकृति नजर आएगी तो तुरंत चिकित्सक अपने नजदीकी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) केंद्र पर सूचित करेंगे। इसके बाद इलाज की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी। मंगल पांडेय ने कहा कि अनुवांशिक लक्षणों या गर्भावस्था के दौरान कुछ जटिलताओं की वजह से नवजात बच्चे यदि किसी बीमारी के साथ जन्म लेते हैं। उसे समय रहते डिलीवरी प्वाइंट पर पकड़ लिया जाता है तो बहुत हद तक उस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। डिलीवरी के दौरान चार श्रेणियों में जांच की जायेगी, विजीवल बर्थ डिफेक्ट, फंकशनल डिफेक्ट, न्यूरोलॉजिकल डिफेक्ट एवं मेटाबोलिक डिफेक्ट। इसमें अभी मेटाबोलिक डिफेक्ट से संबंधित कुछ ही बीमारियों की डिलवरी प्वाइंट पर जांच हो पायेगी।

## NEWS IN BRIEF

### सुपौल डीएम ने सिकरहट्टा जवाहर बांध का लिया जायजा

सुपौल (निर्मली)। डीएम कौशल कुमार ने मंगलवार को सिकरहट्टा कोशी स्पर एस वन से एस टू तक मनरेगा योजना से कराये जा रहे जवाहर सुरक्षा बांध निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। डीएम कुमार ने निरीक्षण के दौरान मनरेगा पीओ सुधांशु शेखर से जवाहर सुरक्षा बांध के मजबूती के संदर्भ में जानकारी लिया। कोशी जवाहर सुरक्षा बांध के बारे में पीओ सुधांशु शेखर ने बताया की जवाहर सुरक्षा बांध की मजबूती के लिए सात सौ फीट के दो नोज बनाया गया हैं। जवाहर बांध पच्चीस सौ फीट का जीर्णोद्धार का कार्य हैं जिसमे 23 सौ 75 फीट जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण हो गया हैं,और 125 फिट कार्य करना बाकी रह गया हैं।जो कि बहुत जल्द कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। वहीं ग्रामीणों ने कोशी नदी कहर से बचने के लिए शेष बचे कोशी सुरक्षा बांध कार्य कराने की मांग की । जिस डीएम कुमार ने कहा कि अब बरसात में कार्य कराना संभव नहीं हैं।

### प्रेम प्रसंग के दो अलग अलग मामलों में घर से फरार दो युवती बरामद

किशनगंज।जिले की पहाड़कट्टा पुलिस ने प्रेम प्रसंग के दो अलग अलग मामलों में घर से फरार दो युवतियों को बरामद किया है। पुलिस ने पहाड़कट्टा थाना कांड संख्या 46/22 की पीड़िता को गुप्त सूचना पर छापेमारी कर शीतलपुर गांव से बरामद कर लिया। जबकि 47/22 की पीड़िता को छत्तरगाछ बाजार से बरामद किया गया। दोनों युवतियों के अचानक घर से गायब हो जाने के बाद उनके परिजन की लिखित शिकायत पर पहाड़कट्टा थाना में केस दर्ज किया गया था।

# वजीरगंज सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक नागरिक घायल

बीएनएम@गया

गया। गया जिला के वजीरगंज थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक नागरिक घायल हो गए हैं।शादी ब्याह को लेकर एनएच 82 सहित क्षेत्र की अन्य सड़कों पर यातायात गतिविधि काफी बढ़ी हुई है। कुछ चूक के कारण बीते सोमवार की देर रात से लेकर मंगलवार की सुबह तक कई दुर्घटनाएं हुई।जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। सभी घायलों का वजीरगंज सीएचसी में प्राथमिक उपचार किया गया और बेहतर चिकित्सा के लिये एएनएमसीएच रेफर कर दिया गया। घायलों में मोहड़ा प्रखंड अंतर्गत् कजूर निवासी हीरा देवी, रंजन देवी, दिलखुश कुमार, रेवी देवी तथा एसपी नगर निवासी सौरव कुमार, भरेती निवासी गीता कुमारी सहित केनारचट्टी निवासी रघुनंदन प्रसाद का पुत्र अनिश कुमार शामिल है।

# युवा राजद नेता मनीष ने तेजस्वी से की मुलाकात,संगठन को लेकर हुई चर्चा

बीएनएम@अररिया

अररिया। अररिया के युवा राजद नेता मनीष यादव ने पटना में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राजद नेता तेजस्वी प्रसाद से मंगलवार मुलाकात की और संगठन को धारदार बनाने के मुद्दे पर चर्चा की। संगठन को धारदार और स्थानीय मुद्दों को लेकर मनीष यादव ने तेजस्वी प्रसाद से बातचीत की और संगठन को धारदार बनाने के लिए बड़ी संख्या में युवा साथियों को जोड़ने के लिए अभियान चलाने पर बल दिया। राजद नेता मनीष यादव ने स्वयं को प्रदेश के बजाय जिले के संगठन में जोड़ने की अपील तेजस्वी प्रसाद से की।उन्होंने कहा कि अररिया सहित सीमांचल राजद का गढ़ रहा है,लेकिन पिछले कुछ वर्षों से नई युवा पीढ़ी को जोड़ने की दिशा में संगठन में उदासीनता के कारण थोड़ा पिछड़ गया है। मनीष यादव ने बताया कि किस तरह लगातार वह नरपतगंज प्रखण्ड और जिला में अनियमितताओं को लेकर भूख-हड़ताल,धरना-प्रदर्शन से लेकर प्रदर्शन किया है। युवा राजद नेता मनीष यादव कांग्रेस के दिवंगत नेता भारतेन्दु यादव के पुत्र है और जिलाध्यक्ष से लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य रह चुके हैं।वहीं मनीष दिल्ली विश्वविद्यालय में स्वयं एनएसयूआई की छात्र राजनीति में सक्रिय रह चुके हैं और विश्वविद्यालय छात्र संघ के कई पदों पर काबिज रह चुके हैं।

# दबंगों ने महादलित परिवार को गांव से निकला, एसपी से न्याय की गुहार

बीएनएम@नवादा

नवादा। नवादा जिले के कौआकोल थाना अंतर्गत रामपुर बलुआ में दबंगों ने अर्जुन चौधरी नामक व्यक्ति को उसके परिवार के साथ गांव से बाहर निकाल दिया है, वह मजबूर हो दर-दर की ठोकरें खा रहा है। मंगलवार को नवादा समाहरणालय कि एसपी कार्यालय पहुंचकर महादलित परिवार ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने समाहरणालय में बताया कि अपने परिवार सहित दबंगों के डर से अपना घर छोड़कर दर दर भटकना पड़ रहा है ।गांव के ही कुछ लोगों ने उनके घर में लूट पाट भी की। उनके फसल को भी लुटा गया और बाद में इसका विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए उनके अपने घर से भगा दिया गया। यहां तक कि गांव में घुसने पर सरकलम की भी चेतावनी दी गई।अभी अर्जुन चौधरी गांव से बाहर है ,जब वो अपने घर जाना चाहते है तो उन्हें दबंगों के द्वारा रोक दिया जाता है , अर्जुन चौधरी ने इस संबंध में प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। जिसके बाद न्याय दिलाने की बजाय पुलिस इस मामले से अपना पलड़ा झाड़ते नजर आ रही है।



# बाइक- बस की टक्कर में चार छात्रों की मौत



बीएनएम@नवादा

नवादा। नवादा-गया पथ पर नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के ज्ञान भर्ती स्कूल के समीप मंगलवार को अज्ञात वाहन से टक्कर में घायल चौथे छात्र की भी मौत हो गई। पटना ले जाने के क्रम में रास्ते में घायल युवक की मौत हो गयी। इस प्रकार दुर्घटना के शिकार सभी 4 छात्रों की मौत हो गई। बता दें कि मंगलवार को नवादा-गया पथ पर ज्ञान भारती के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से चार छात्र में तीन की मौत व एक घायल हुए थे। मृतक व घायल सभी एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। तीन की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी, वहीं गंभीर रूप से घायल एक युवक को हिसुआ पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद सघन चिकित्सा के लिए पटना रेफर किया गया था। जिसकी मौत पटना जाने के रास्ते में हो गई। स्थानीय लोगों ने हिसुआ थाना को दूरभाष पर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही हिसुआ थाना के एसआई ललन कुमार पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और सभी को हिसुआ पीएचसी ले गए। जिसमें तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। घटनास्थल पर झारखंड के सतगावां प्रखंड के मीरचोय गांव के पुरुषोत्तम कुमार पिता जीतेन्द्र सिंह, शिवम कुमार पिता नवल किशोर सिंह और गोलू कुमार पिता संजय सिंह नवादा जिले के पथरा इंग्लिश निवासी की मौत हुई। जबकि गंभीर रूप से घायल रोहित कुमार पिता गौतम सिंह ग्राम मीरचोय थाना सतगावां को पटना रेफर किया गया था। जिनकी मौत रास्ते में हो गई।

**हिसुआ थाना गेट के पास लगी भीड़**

बताया जा रहा है कि सभी ग्यारहवी की परीक्षा देने हिसुआ के टीएस कॉलेज गए थे। परीक्षा देकर लौटने के क्रम में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना में मोटरसाइकिल जेएच 12 सी 5768 का परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना किस वाहन से हुआ पता नहीं चल सका। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दी। वहीं मोटरसाइकिल को थाना ले जाया गया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पटेल ने क़हा कागजी कार्रवाई पूरी की जा रही है। मृतक के परिजन हिसुआ थाने में पहुंचकर पहचान किया है। मृतकों के परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।

# पीएआर रिपोर्ट जमा नहीं करने पर बिहार के 26 कॉलेजों को इस बार नहीं मिला एप्रूवल




फाइल फोटो

बीएनएम@पटना

पटना। बिहार के 26 कॉलेजों में इस सत्र में एडमिशन नहीं हो पाएगा। क्योंकि, इन कॉलेजों ने परफॉर्मेंस एप्रेजल रिपोर्ट (पीएआर) जमा नहीं किया है और समय बीत जाने के बाद अब ये कॉलेज नामांकन नहीं करा सकेंगे। इसलिए इन 26 कॉलेजों में बीएड की पढ़ाई के लिए एडमिशन लेने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को भी परेशानी होगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने परफॉर्मेंस एप्रेजल रिपोर्ट भरना जरूरी कर दिया है। एनसीटीई की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें यह फैसला लिया गया कि परफॉर्मेंस एप्रेजल रिपोर्ट नहीं भरने वाले बीएड कॉलेजों में नामांकन नहीं करा सकेंगे। इसके बावजूद राज्य के 26 बीएड कॉलेजों ने परफॉर्मेंस एप्रेजल रिपोर्ट (पीएआर) नहीं भरा है। ऐसे में इन कॉलेजों में नामांकन नहीं होगा। एनसीटीई के आदेश जारी होने के बाद ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने सभी विश्वविद्यालयों को नोटिस जारी कर अफिलेशन मिले हुए सभी बीएड कॉलेजों की लिस्ट मांगी थी, जिसमें पूछा गया था कि आपके विश्वविद्यालय से अफिलेशन प्राप्त कितने बीएड कॉलेज ऐसे हैं, जिसने पीएआर जमा चूका है। लगभग 26 कॉलेजों ने पीएआर नहीं भरा है। परीक्षा के नोडल पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालयों से रिपोर्ट मांगी गई थी। कई विश्वविद्यालयों से रिपोर्ट मिले हैं। कुछ के रिपोर्ट बाकी है। एनसीटीई ने इसे जरूरी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने खुद यह आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष बीएड कॉलेज में नामांकन के लिए जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम के लिए एक लाख 61 हजार छात्रों ने आवेदन दिया है, जिसमें एक लाख 26 हजार छात्रों ने शुल्क की राशि भी भर दी है। आवेदन करने की अंतिम तारीख मंगलवार है। बिहार में कुल 341 बीएड कॉलेज हैं, जिसमें अब केवल 314 कॉलेजों में ही नामांकन हो सकेगा। बाकी कॉलेजों ने पीएआर जमा नहीं किया है।

## NEWS IN BRIEF

### राजद समर्थित एमएलसी उम्मीदवार प्रिय रंजन ने किया जनसंपर्क

गया। बिहार में शिक्षकों का हक सरकार मार रही है तथा सरकार द्वारा अनुदानित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को पूर्ण रुप से बंद कर देने का षडयंत्र रचा जा रहा है। शिक्षकों का हक और उनकी मानदेय तथा सम्मान दिलाने के लिये चुनाव लड़ रहा हूँ, जीतने के बाद अगर सरकार ने शिक्षकों की मांगे नहीं मानी या उनका सम्मान उन्हें दिलाने में मैं नाकमयाब हुआ तो मैं स्वत: अपने पद से त्यागपत्र दे दूंगा। उक्त बातें मंगलवार को गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान पार्षद के राजद समर्थित उम्मीदवार सह वरीष्ठ पत्रकार प्रिय रंजन ने वजीरगंज प्रखंड में जनसंपर्क के दौरान प्रेस वार्ता में कही। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चितरंजन कुमार उर्फ चिंटु की उपस्थिति में सविता निवास पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि उनका अभियान ही शिक्षकों को सम्मान दिलाना है। उनके पिताजी भी एक शिक्षक थे, जिसके कारण वो शिक्षकों के प्रति काफी संवेदनशील है। बिहार को छोड़कर सभी प्रदेशों में पुरानी पेंशन स्कीम लागू हों रही है। जबकि बिहार में ऐसा नहीं है। यहां के शिक्षकों से गैर सरकारी सेवक के आधार पर कार्य लिया जा रहा है।

### कुपोषण खात्मे के लिए बच्चों को मिलेगा पौष्टिक आहार

बिहारशरीफ। आंगनबाड़ी केंद्रों पर अब हफ्ते में तीन दिन बच्चों को नाश्ते में मौसमी फल मिलेगा। आईसीडीएस निदेशालय ने मीनू में बदलाव किया है। इसके साथ ही, प्रतिदिन उपस्थित होने वाले लाभुकों के आधार पर पोषण राशि के व्यय की निकासी होगी। कुपोषण के खात्मे के लिए अब बच्चों को और अधिक पौष्टिक आहार दिया जाएगा।

## मंदिर की ओट में पुजारी कर रहा था गांजे का व्यापार,गिरफ्तार

बीएनएम@बक्सर

बक्सर। सिमरी थाने की पुलिस ने एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए रामपुर मठिया हनुमान मंदिर के पचपन वर्षीय पुजारी को उसके रहने के लिए बने कुटिया से पांच किलो गांजा एवं पांच हजार नगदी रुपये के साथ मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इस संदर्भ में सिमरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर ने बताया की उक्त पुजारी द्वारा मंदिर के समीप कथा प्रवचन के नाम पर असमाजिक लोगो को इकट्ठा कर मादक पदार्थों की बेची की जाती थी।| पुलिस इसकी सत्यता को लेकर पुजारी पर गहरी नजर रखे हुए थी |आज मिली पुख्ता सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुजारी को गांजे के साथ गिरफ्तार किया। सिमरी थाना पुलिस मादक पदार्थ अधिनियम के तहत पुजारी पर मामला दर्ज कर पुजारी को जेल भेजे जाने की तैयारी में है |

## राज्यसभा चुनाव में सीट पाने के लिए हमारे पास दूसरे विकल्प भी : मांझी

बीएनएम@पटना

पटना। बिहार में राज्यसभा चुनाव के सीट के लिए एनडीए गठबंधन में गहमागहमी मच गयी है। एनडीए में शामिल हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की ओर से राज्यसभा चुनाव में एक सीट मांगे जाने पर एनडीए के नेताओं में बहस तेज हो गयी है। दरअसल, जीतन राम मांझी ने सोमवार को पार्टी के लिए राज्यसभा की एक सीट की मांग की थी।इस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साफ कर दिया है कि वह मांझी की पार्टी को कोई भी सीट नहीं देंगे। मुख्यमंत्री के इस जवाब को गंभीरता से लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार सरकार को खुली चेतावनी दे दी है। मांझी ने साफ साफ कह दिया है कि अगर यहां सीट नहीं मिला, तो दूसरी जगह मिलेगा। मांझी ने कहा कि हमने उनसे आग्रह किया था कि राज्यसभा चुनाव में हमें भी भागीदारी दी जाए। जिस पर उन्होंने कहा था कि सभी को एडजस्ट करना है। इसके बाद भी हमने कहा था कि हमें प्राथमिकता दी जाए लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब हमारे पास दूसरे विकल्प भी हैं। अगर वहां नहीं मिला है, तो दूसरी जगह मिलेगा। मांझी के इस बयान से साफ पता चलता है कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी गयी तो वह गठबंधन से भी अलग होने से परहेज नहीं करेंगे।

## सांसद ललन सिंह का संसदीय क्षेत्र मुंगेर बने मिशाल : जिलाध्यक्ष

बीएनएम@मुंगेर

मुंगेर। जिला जदयू के सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं पंचायत तक के पदाधिकारियों की बैठक आज हुई। अध्यक्षता जिला जदयू अध्यक्ष संतोष सहनी एवं बैठक की निगरानी प्रदेश जदयू उपाध्यक्ष सह मुंगेर जिला संगठन प्रभारी जितेंद्र नाथ की मौजूद थे। बैठक में संगठन को गांव स्तर तक मजबूत करने के लिए अभियान चलाया । उसकी समीक्षा की गई और संगठन को अत्यधिक सक्रिय बनाने पर बल दिया गया। जिला के संगठन प्रभारी जितेंद्र नाथ ने कहा कि संगठन मजबूती के लिए पंचायत और गांव स्तर तक जो 10 -10 साथियों को पार्टी से जोड़ा गया है। उसकी समीक्षा कर प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड प्रभारी स्वयं तमाम लोगों से संपर्क कर संगठन मजबूत करने का काम करें ।जिला अध्यक्ष संतोष साहनी ने कहा कि मुंगेर जिला का संगठन बिहार में प्रथम स्थान पर रहना चाहिए क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन बाबू का यह संसदीय क्षेत्र है ।



## सर्व सहमति से हेगड़े को बनाया गया उम्मीदवार: नीतीश




बीएनएम@ पटना।

**-शहीद सूरज नारायण सिंह की जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को यहां कहा कि राज्यसभा उप चुनाव में अनिल हेगड़े को पार्टी ने सर्वसम्मति से उम्मीदवार घोषित किया है। सीएम ने कहा कि हमारी पार्टी में सभी फैसले सहमति से लिया जाता है। हेगड़े लगातार हमारी पार्टी को संबल दे रहे थे। वे बहुत सक्रिय हैं। हर समय पार्टी के लिए खड़े रहते हैं। इसलिए पार्टी ने भी उनको राज्यसभा भेजने के लिए सर्वसम्मति जताते हुए उम्मीदवार बनाया है।

**इससे पहले सीएम ने स्वतंत्रता सेनानी-समाजवादी नेता शहीद सूरज नारायण सिंह की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह में राज्यपाल फागू चौहान के साथ शहीद सूरज नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।**

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा शहीद सूरज नारायण सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए भजन, देशभक्ति गीत एवं बिहार गीत का गायन किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना की गई और शहीद सूरज नारायण सिंह को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शिक्षा सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री डॉ रामप्रीत पासवान, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री आलोक रंजन, सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने शहीद सूरज नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महानन्द सहनी की सजा के पीछे पुलिस के बेहतर अनुसंधान एवं परिजनों के साहस की चर्चा




बीएनएम@ सागर सूरज

**सुपरविजन का री-सुपरविजन:**

मोतिहारी | कुख्यात अपराधी महानंद सहनी को हत्या के मामले में कोर्ट द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाये जाना मुक़दमे के अनुसन्धान कर्ता की बेहतर अनुसन्धान, साक्ष्यों को आपस में को-रिलेट करने की कला एवं विज्ञानिक एवं फॉरेंसिक बिज्ञान का बेहतर इस्तेमाल का ही परिणाम है | परिजनों एवं गवाहों को धमकी के बाद असफलता की स्थिति में मुक़दमे को मैनेज करने को लेकर हत्यारे महानंद सहनी के सारे प्रयास विफल रहे | पारिवारिक एवं पुलिस सूत्रों की माने तो 90 लाख तक के ऑफर को पुलिस एवं परिवार के लोगों ने ना केवल नजर अंदाज़ कर दिया बल्कि अपनी जान के भय के वावजूद जम कर गवाही करवाना और इसमें अनुसन्धान कर्ता का पुरजोर सहयोग के कारण ही उक्त कुख्यात को सजा हो पायी थी | मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के संजय सिंह की निर्मम हत्या के बाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार सेना का भगोड़ा अपराधी महानंद सिंह इतना डेअरिंग था कि उसने जेल में बंद होने के वावजूद गवाही देने के कारण संजय सिंह की पत्नी नीलू सिंह को कई बार फोन पर धमकी दिया | केस में खर्च को लेकर 25 लाख रूपये के मांग करते हुये जान से मारने की धमकी भी दी थी | बढ़हरवा गाँव निवासी संजय सिंह की हत्या कोलुवारवा के अवधेशपूरी मुहल्ले में कर दी गयी थी | प्रोपर्टी डीलर संजय सिंह की पत्नी नीलू देवी ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसने नगर थाना क्षेत्र के कुंआरी देवी सुंदर नगर निवासी मिठु उर्फ मिठु कुमार, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बडहरवा गांव निवासी महानंद चौधरी, नागेश्वर राय, रामगढवा निवासी अशोक सिंह, संजय सिंह व मलकौनिया गांव निवासी अजीत कुमार को नामजद आरोपित किया था। यही नहीं रूपये की मांग को लेकर कुछ लोग मृतक संजय सिंह के घर तक चले गए | ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने के बाद अपराधी भाग पराये थे | अनुसन्धानकर्ता संदीप कुमार ने ना केवल गवाहों की पुलिस सुरक्षा एवं बेहतर तरीके से मुक़दमे में गवाही करवायी थी बल्कि परिस्थिति जन्य सख्यों के साथ- साथ तमाम साक्षों को सिल- सिलेवार तरीके से केस डायरी में चर्चा की थी, जिसकी परिणति ये हुई की न्यायालय में अभियोजन साक्षों के समक्ष विरोधी वकील धरासायी हो गए | घटना में प्रयोग किये गए हथियार की फॉरेंसिक जाँच यानी बैलिस्टिक जाँच भी करवायी गयी थी |

## NEWS IN BRIEF

### पिस्तौल का भय दिखाकर एक बॉयलर फार्म व्यवसाई से 50 हजार रुपये लूट

पताही। प्रखंड क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर एक बॉयलर फार्म व्यवसाई से 50 हजार रुपये लूट लिए। लूट के बाद सभी अपराधी भाग निकले। यह घटना सोमवार की रात में घटी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जिहुली गांव के समीप सोमवार की रात मार्केट से घर जाते समय बाइक सवार अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर बॉयलर फार्म व्यवसाई से 50 हजार रुपये लूट लिया। मामले में पताही थाने में पीड़ित परिवार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के जिहुली गांव निवासी कन्हैया कुमार ने पुलिस को बताया है कि में दुकान से घर जा रहा था। तभी बीच रास्ते में बाइक सवार अपराधियों ने गाड़ी को रोक दिया। गाड़ी को रुकते ही बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति उतरे। मेरे साथ मारपीट की। उसके बाद पिस्तौल का भय दिखाकर मोबाइल पैसा लूट लिया। अज्ञात अपराधी गाड़ी को तेजी से चलाते हुए पताही की ओर भाग निकले। एक बाइक चालक की मदद से घटना की सूचना सबसे पहले अपने परिजनों को दी।

### अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

इस संबंध में थानाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पीड़ित व्यक्ति कन्हैया कुमार के द्वारा अज्ञात अपराधियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जल्द ही लूट कांड मामले का उद्भेदन किया जाएगा। अपराधियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## बीईओ ने प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के एचएम के साथ की बैठक

बीएनएम@चिरैया

चिरैया। अपर परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के निदेशानुसार मंगलवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने प्रखंड के सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ एक आवश्यक बैठक की। बैठक प्रखंड के आइडियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया। बैठक का मूल उद्देश्य इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट प्रोग्राम के तहत माइक्रो इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट पड़े बिहार बड़े बिहार के उपर सभी प्रधानाध्यापकों के साथ समीक्षा एवं उन्मुखीकरण को लेकर था। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने दीक्षा एप के माध्यम से जीआरसी बिहार इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट प्रोग्राम के तहत माइक्रो इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट 'पढ़े बिहार बढ़े बिहार' के बारे में प्रधानाध्यापकों को विस्तार से बताया।

## 50 वर्षीय व्यक्ति की पीट पीटकर कर की हत्या, एक गिरफ्तार


बीएनएम@तुरकौलिया

तुरकौलिया। रघुनाथपुर ओपी थाना क्षेत्र के मजूराहां गांव में ईंट पत्थर के हमले से घायल एक अधेड़ की मौत इलाज के लिए पटना ले जाने के क्रम में रास्ते में ही हो गई। मृतक उक्त गांव का रमेश प्रसाद साह है। वही पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए हमलावर अनिल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। हमलावर भी मृतक के गांव का ही। इसे लेकर मृतक के पुत्र रविरंजन ने थाना में आवेदन दिया है। जहां बताया है कि वह अपने पिता के साथ शहर के कचहरी चौक जा रहे थे। इसीबीच बनारसी प्रसाद के घर के पास विपरीत दिशा से आ रहे गांव के ही अनिल सिंह ने गाली गलौज करने लगे। जब इसका विरोध उसके पिता ने किया तो अनिल सिंह ने गर्दन पकड़कर पटक दिए। और बांस के बल्ला से मारने लगे। इसके बाद अनिल सिंह इट से उसके पिता का सर पूरी तरह कुच दिया। जिससे खून बहने लगा। जब वह चिल्लाने लगा तो ग्रामीण आये तो वह भाग निकला। घायल पिता को ग्रामीणों के सहयोग से एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें पटना रेफर किया गया। पटना ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई। रघुनाथपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## किसान की हत्या के बाद पुलिस पर बिफरे राजद नेता

बीएनएम@चिरैया

चिरैया। राजद नेता व चिरैया विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी अच्छेलाल प्रसाद यादव ने चिरैया में हो रही लगातार हत्या को लेकर सुशासन पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि अब आम लोगों की जान जाना आम बात हो गई है। सुशासन की सरकार कान में तेल डालकर सो रही है । वहीं पुलिस प्रशासन भी थाना में बैठे-बैठे अपनी ड्यूटी को निभा रहें है। उन्होंने पुलिस को निष्क्रिय बताते हुए गश्ती पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया। उन्होंने कहा कि पुलिस गश्ती तक नही करती है। जिसके कारण चिरैया में आए दिन आम लोगों की हत्याएं हो रही है। इधर मृतक के स्वजनों का कहना है कि जमीनी विवाद में गांव के कुछ लोगों द्वारा हीं उनकी गला घोंट हत्या कर दी गई है। बता दें की मृतक रूपनारायन राय को दो पुत्र व पांच पुत्री है। पुत्र भुनेश्वर यादव (30) दूसरे प्रदेश में काम करता है। वहीं बैजू कुमार (20) जो पटना में रहकर पढ़ाई करता है। पांच पुत्री जिनमें 3 की शादी हो चुकी है। अनिता कुमारी (21) व कविता कुमारी (14) अविवाहित है।



## भूमि-विवाद में गला घोंटकर किसान की हत्या



बीएनएम@चिरैया।

चिरैया। थाना क्षेत्र के मदिलवा गांव में भैंस चराने गए किसान की गला घोंट कर हत्या कर दी गई। मृतक मदिलवा गांव निवासी स्व.पुनीत राय का पुत्र रुपनारायण राय (60) है। बतातें चलें की रुपनारायण राय प्रतिदिन दोपहर के करीब अपने भैस को चराने के लिए सरेह में निकल जाते थे। सोमवार को भी वह अपने भैस को चराने के लिए गए थे। भैंस को अकेले लौट जाने के बाद देर शाम तक जब वह घर नही लौटे तो उनके स्वजन बेचैन हो गए। जिसके बाद उनकी पत्नी श्रीपति देवी(55), पुत्री अनिता कुमारी (21) व कविता कुमारी (14) व अन्य स्वजन उनको खोजने के लिए सरेह में निकल पड़े। लेकिन सरेह में काफी खोजबीन के बाद जब वह नही मिले तो इसके बाद सभी आसपास के गांव में उनकी खोजबीन की। फिर भी उनका कुछ पता नही चला। सभी थक हार कर अपने घर आ गए। किसी तरह सभी ने रात गुजारी। इसके बाद श्री राय की पत्नी, बेटी व अन्य स्वजन मंगलवार की अहले सुबह से उनकी खोज में निकल गए। उसी क्रम में श्री राय की बेटी ने मदिलवा व रामपुर के बीच सरेह में अपने पिता को एक खेत में पड़ा हुआ देखा। जिसके बाद देखा गया तो उनकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद वहां चीत्कार मच गई। घटना की सूचना जैसे ही मदिलवा गांव के लोगों को मिली जंगल में आग की तरह यह घटना पूरे गांव सहित आसपास के गांवों में फैल गया और देखते हीं देखते घटना स्थल पर हजारों की संख्या में मदिलवा व आसपास के गांव के लोगों की हुजूम उमड़ पड़ी। वहीं मृतक के स्वजनों में कोहराम मच गई। सभी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। गांव में मातमी सन्नाटा पसर गई। मृतक के स्वजन इसे भूमि विवाद में हत्या करने की बात कह गांव के हीं एक व्यक्ति को आरोपित कर रहें हैं। इस बीच ग्रामीणों ने इसकी सूचना चिरैया थाना को दिया। जिसके बाद चिरैया पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी उनके स्वजनों सहित स्थानीय लोगों से लिया और आसपास में जाकर घटना की तहकीकात की। जिसके बाद मृतक रूपनारायण राय के शव को अपने कब्जे में लेकर थाना आए। फिर आवश्यक प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेंज दिया गया।

# आरएसएस ने नारद जयंती पर किया पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन



बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। आदि संवाददाता महर्षि नारद जयंती (भारतीय पत्रकार दिवस) के अवसर पर ज्ञान बाबू चौक स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि टाइम्स ऑफ इंडिया के ब्यूरो चीफ चन्द्रभूषण पाण्डेय, बीएनएम के चीफ एडिटर सागर सूरज व आरएसएस के जिला प्रचार प्रमुख डॉ अभिषेक पाण्डेय ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बीएनएम के चीफएडिटर सागर सूरज ने कहा कि आदि संवाददाता महर्षि नारद जी हम सभी पत्रकारों के पूर्वज थे। उन्होंने कहा कि समाज में नारद जी की गलत छवि प्रस्तुत की गई है। जबकि महर्षि नारद जी आदिकाल के पत्रकार थे। जिनका कार्य एक जगह से दूसरे जगह समाचार का वाचन करना था। मुख्य अतिथि चन्द्रभूषण पाण्डेय ने आरएसएस द्वारा महर्षि नारद जयंती का कार्यक्रम मनाने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नारद मुनि की जयंती पर इस प्रकार पत्रकारों का सम्मान करना संघ के प्रचार विभाग का अनोखा कार्य है। इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में काम कर रहे युवाओं को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका में सशक्त रुप से निर्वहन करने का आवाह्न किया। आगे उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग पत्रकारिता के नाम पर समाज का भयादोहन कर अवैध वसूली करते है तथा मीडिया को बदनाम करते है जो पत्रकारिता के सिद्धांतों से परे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम सुंदर प्रसाद एवं मंच संचालन डॉ अभिषेक कुमार पाण्डेय ने किया। इस मौके पर दैनिक भास्कर के ब्यूरो चीफ संजय कुमार सिंह, कशीश न्यूज़ के अमित कुमार, डी डी न्यूज़ से आलोक कुमार, अंशु कुमार, ETV के ब्रजेश कुमार झा, समय मंथन से अरुण तिवारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे पत्रकारों को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आरएसएस मोतिहारी के नगर बस्ती कार्य प्रमुख रविशंकर प्रसाद, कार्यालय प्रमुख रमेश कुमार, नगर प्रचार प्रमुख सुधांशु कुमार, बौद्धिक प्रमुख पीयूष कुमार, गंगा प्रसाद, आर.के.रवि, रौशन सिंह आदि प्रमुख रुप से सामिल थे।

## NEWS IN BRIEF

### मूर्ति मिलने के बाद विवाद उत्पन्न

पताही प्रखंड क्षेत्र के बोकाने कला गांव स्थित ब्रह्म स्थान के निकट पोखरा से मिट्टी खुदाई में निकली मूर्ति को लेकर दो गांव के बीच मंगलवार को तनाव की स्थिति हो गई। बोकाने पंचायत के लोगों ने सड़क मार्ग को जाम कर मूर्ति पर दवा करने लगे। डेढ़ घंटे तक लोगों का आक्रोश चरम पर था। सूचना पर पहुंचे अंचलाधिकारी सौरभ कुमार एवं पताही थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने शांति कायम करने में लगे रहे। लेकिन करने के लिए कोई तैयार नहीं थे। नाराज लोगों का कहना था कि पहले हमारे गांव में मूर्ति आएगी। इस के बाद ही कोई बात की जाएगी। पुलिस की काफी मशक्कत एवं सूझबूझ से नाराज लोगों को मनाने में सफल रहे। बताया गया है कि अगले दो-तीन दिनों में बैठक में दोनों गांवों के दस दस लोगों को बुलाकर मामले को समाप्त कर दिया जाएगा। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार को बोकाने गांव के ब्रह्म स्थान के निकट पोखरे से मिट्टी खुदाई कर मारिया टोला गांव भेजा जा रहा था। जेसीबी से ट्रैक्टर पर मिट्टी को लाजने के दौरान वहां मूर्ति निकली। जिसे वहां से उठाकर बगल के खेत में रख दिया। कुछ ही देर में गांव के कुछ खेत में मूर्ति पर गई।

इस के बाद उसे साफ कराया गया। इसके बाद भगवान विष्णु की प्रतिमा मिलने की बात कह लोग झूमने लगे। बगल मैं स्थित एक हनुमान जी की मंदिर में उसे रखकर लोग पूजा अर्चना करने में लीन हो गए हैं। बताया जाता है कि यह मूर्ति आठवीं शताब्दी की है। इधर या सूचना बोकाने गांव में आग की तरह फैल गई। गांव के तालाब से मूर्ति निकलने के कारण उस पर दावा करने लगे । कुछ लोग मूर्ति लेने भी गए। लेकिन वहां के लोगों ने देने से इनकार कर दिया।

# अप्रशिक्षित शिक्षकों के वेतन भुगतान का रास्ता साफ

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। अप्रशिक्षित शिक्षकों के बंद वेतन भुगतान कि सुनवाई विगत 11 मई 2022 को उच्च न्यायालय, पटना में हुई जिसमें केस नम्बर 16214/2019 अताउर रहमान एवं अन्य बनाम बिहार सरकार में शिक्षकों के तरफ से अधिवक्ता आलोक कुमार सिंह और उनके सिनियर अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह के द्वारा शिक्षकों के पक्ष में मजबूती से अपनी बातें अदालत के समक्ष पेश किया जिसके परिणामस्वरुप उच्च न्यायालय पटना के द्वारा शिक्षकों का वेतन भुगतान करने का आदेश पारित किया गया। श्री सिंह द्वारा अप्रशिक्षित शिक्षकों के पक्ष में मजबूती से बात रखी गई जिसमें वेतन भुगतान करने आदेश के साथ-साथ 2 सालों से बंद बकाया वेतन भुगतान करने के निर्णय पारित हुआ जिससे अप्रशिक्षित शिक्षकों में खुशी छा गई और सभी शिक्षक श्री सिंह का धन्यवाद करते फुले नहीं समा रहे हैं।

# युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास, चार नामजद


बीएनएम@बगहा

बगहा। बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजे टोला पतिलार में शौच करने गई नबालिक के साथ गैंगरेप का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने नबालिक युवती को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में भर्ती कराया है। इलाजरत पीड़िता ने बताया कि रात 10 बजे के करीब वह खेत के तरफ शौच के लिए गई तभी वहां घात लगाए चार युवकों ने पकड़ लिया और दुष्कर्म करने की कोशिश की। जब उसने हल्ला मचाना शुरु किया तो आरोपियों ने चलती बोलेरो के सामने फेंक दिया और फरार हो गए। पीड़िता के परिजन ने बताया कि विश्वजीत कुमार, संजीव कुमार, चंदन कुमार और राजा कुमार सभी पतिलार के रहने वाले युवकों ने उसे पकड़ लिया और टांग कर नजदीक के स्कूल में ले जाने लगे तभी वह चिल्लाने लगी जिसके बाद उसके पिता और घर के अन्य सदस्य आवाज सुनकर आरोपियों की तरफ दौड़े। परिजनों को आता देख आरोपियों ने उसे चौतरवा से धनहा की तरफ जा रही एक बोलेरो के सामने साक्ष्य मिटाने के लिए फेंक दिया। जिसमें युवती घायल हो गई है, उसका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में महिला थाना ने चारों आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी शुरु कर दिया है । आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।

# नाला उड़ाही एवं नालों से अवैध कब्जा हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

बीएनएम@बेतिया

बेतिया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निदेश के आलोक में नगर निगम, बेतिया समेत जिले के सभी नगर निकाय क्षेत्रों में मिशन मोड में नाला उड़ाही एवं नालों से अवैध कब्जा हटाने का कार्य अनवरत किया जा रहा है ताकि शहरवासियों को आसन्न बरसात के मौसम में जलजमाव की समस्या से जूझना नहीं पड़े और सुगमतापूर्वक बरसात का पानी गंतव्य तक पहुंचाया जा सके।नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया द्वारा बताया गया कि आसन्न बरसात के मद्देनजर जिला प्रशासन के सतत निगरानी में नगर प्रशासन के द्वारा दिन-रात जेसीबी मशीन, पोकलेन मशीन, ट्रेक्टर, ट्रक एवं आफिस स्टॉफ के साथ एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए मैन्युअल मजदूर की सहायता से नगर के मुख्य नाला के साथ सहायक नालों की सफाई करायी जा रही है। इस क्रम में नालों पर बने स्थाई/अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नालों का अतिक्रमण किये 40 लोगों को अतिक्रमण हटाने की नोटिस निर्गत की गई है। जबकि 25 लोगों को नोटिस भेजने की कार्रवाई की जा रही है।



# वैध-अवैध नर्सिंग होम की जाँच का निर्देश




बीएनएम@सिकरहना

सिकरहना। ढाका प्रखण्ड क्षेत्र के पचपकडी में चल रहे वैध-अवैध नर्सिंग होम का कालाधन्धा विगत कई वर्षो से चल रहा हैं। जिसको लेकर अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी से लेकर जिला चिकित्सा पदाधिकारी का साठगांठ नजर आता था,जिसका क्षेत्रीय लोगो मे काफी चर्चा होता रहता हैं। लेकिन अब देखना है कि जांच टीम कितने नर्सिंग होम एवम क्लिनिक को वैध और कितने को अवैध करार देता हैं। आगे बताते चले कि अनुमंडलीय उपाधीक्षक एन0के0शाह के निर्देश के आलोक में पत्रांक 236/14-5-22 में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। जिस टीम को तीन भागों में बाट कर जांच करने की निर्देश दिया गया था। जिसमे प्रथम टीम डॉ.पीयूष कुमार चि0 पदा0ढाका, इमरानुल्लाह अंसारी लिपिक,विद्यासागर प्रसाद,समीरुल हक को पचपकडी मेन सड़क से उतर तरफ ढाला से भंडार पेट्रोल पम्प तक, दूसरा टीम डॉ. संजय कुमार. डॉ.जावेद आशिक, प्रेमशंकर सिंह, प्रमोद कुमार पाठक, को पचपकडी मेन सड़क से दक्षिण तरफ ढाला से भंडार पेट्रोल पंप तक सभी नर्सिंग होम, क्लिनिक,जांचघर, एवम अल्ट्रासाउंड के सभी संस्थानों का रजिस्ट्रेशन नम्बर के साथ गहन जांच पड़ताल किया गया। जबकि स्पेशल तीसरी टीम माता श्री सेवा सदन, एवम विणा हॉस्पिटल पचपकडी को गहन जांच करने के लिए डॉ.जितेंद्र कुमार. डॉ.सोहैल अख्तर, जगनफर आलम बी0सी0एम0 को गठित किया गया था। वही जांच टीम को आने से सभी संस्थानों के संचलको में हड़कम्प की स्थिति हो गया। आखिर पचपकडी बाजार पर स्थित दो दर्जन से अधिक वैध-अवैध नर्सिंग होम,क्लिनिक विगत कई वर्षो से संचालित है। ऐसे में कई बार जांच भी किया गया हैं। लेकिन जांच करने के बाद कौन नर्सिंग होम वैध हैं, और कौन अवैध इसकी जानकारी सार्वनिक किया गया नही कोई करवाई किया गया हैं। आगे पचपकडी बाजार के गण्यमान लोगो से लेकर चौक चौराहो पर बैठने बाले दर्जनों लोगों का कहना है ऐसा जांच हमेसा होते रहता हैं, लेकिन करवाई के नाम पर अवैध उगाही कर वैध करार दे दिया जाता हैं। जिससे साल में पचपकडी बाजार पर स्थित नर्सिंग होम में दो-चार की मौत सुनिश्चित हो जाता हैं,लेकिन नर्सिंग होम संचालको के दबंगता के कारण कोई करवाई भी नही होता हैं।

# Editorial



## मंथन के बावजूद दिशाविहीन है कांग्रेस

भारत की सबसे पुरानी सियासी पार्टी कांग्रेस बूढ़ी, असामयिक, अप्रासंगिक, असंगत और पूर्ण रुप से बेपटरी हो गई है। कांग्रेस ने उदयपुर के चिंतन शिविर में पार्टी को पुनर्जीवित करने पर चिंतन अवश्य किया लेकिन यह चिंतन पूर्व में पार्टी के चिंतन शिविरों से ज्यादा भिन्न नहीं था। इस चिंतन शिविर में मंथन से अमृत तो नहीं निकल सका लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं में पार्टी और खुद के भविष्य को लेकर असमंजस अवश्य पैदा हो गया। वर्तमान में कांग्रेस का मुकाबला केंद्र के उस सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी से है जिसने पिछले आठ वर्षों में अपना सांगठनिक तानाबाना अत्यंत सशक्त कर एक बड़ी लकीर खींच दी है। अगर कांग्रेस पार्टी एक परिवार के प्रभाव से बाहर नहीं निकलती तो संभव है कि वर्ष 2024 में होने वाले आम चुनाव में न केवल उसका सूपड़ा साफ हो जाए बल्कि विपक्षी दल की हैसियत से भी बाहर हो जाए। यह कांग्रेस की नाकामी ही है जिसके चलते दिल्ली के बाद पंजाब में सरकार बनाने वाले केजरीवाल आम आदमी पार्टी (आप) को लोगों के समक्ष कांग्रेस के विकल्प के तौर पर प्रस्तुत करने लगे हैं। यह सर्वविदित है कि कांग्रेस भारत की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी है। कांग्रेस की स्थापना ब्रिटिश राज के दौरान 28 दिसंबर 1885 को हुई थी। इसके संस्थापक ए.ओ. ह्यूम (थियिसोफिकल सोसाइटी के प्रमुख सदस्य), दादा भाई नौरोजी और दिनशा वाचा थे। निःसंदेह कांग्रेस ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ यह भी सच है कि स्वतंत्रता के बाद भी कई दशकों तक कांग्रेस ने सत्ता सुख भोगा। कांग्रेस भारत की प्रमुख राजनीतिक पार्टी बन गई। पहले चुनाव से 2014 तक के बीच 16 आम चुनाव हुए। इनमें से छह चुनाव ऐसे थे जिसमें कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत प्राप्त किया और चार चुनाव ऐसे थे जिनमें सत्तारुढ़ गठबंधन का नेतृत्व किया। इस प्रकार कांग्रेस कुल 49 वर्षों तक केंद्र सरकार का हिस्सा रही।

## समान नागरिक संहिता: मुस्लिम महिलाओं के लिए सम्मानजनक कानून

**डॉ. सौरभ मालवीय**




समान नागरिक संहिता को लेकर देशभर में एकबार फिर बहस जारी है। देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की बात बार-बार उठती रही है, परंतु इस पर विवाद के पश्चात यह मामला दबकर रह जाता है। किन्तु जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार की वापसी हुई है, तब से यह मामला फिर से चर्चा में है। जहां भाजपा इसे देशभर में लागू करना चाहती है, वहीं मुस्लिम संगठन इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुस्लिम समाज में विवाह कानूनों को लेकर ब्रिटिश शासनकाल से ही विवाद होता रहा है, क्योंकि मुसलमानों में बहु पत्नी प्रथा का चलन है। शरीयत के अनुसार पुरुषों को चार विवाह करने का अधिकार है। ऐसी स्थिति में मुस्लिम समाज में महिलाओं की स्थिति कितनी दयनीय होगी, यह सर्वविदित है। पति जब चाहे पत्नी को तीन तलाक कहकर घर से निकाल देता है। ऐसी स्थिति में महिला का जीवन नारकीय बन जाता है। पहली बार शाहबानो प्रकरण ने लोगों का ध्यान इस ओर खींचा था। वर्ष 1978 में शाह बानो नाम की वृद्धा को उसके पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। उसके पांच बच्चे थे। पीड़ित महिला के पास जीविकोपार्जन का कोई साधन नहीं था। उसके पति ने उसे गुजारा भत्ता देने से स्पष्ट इनकार कर दिया था। इस पर महिला ने न्यायालय का द्वार खटखटाया। इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचने में सात वर्ष लग गए। वर्ष 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने उसके पति को निर्देश दिया कि वह अपनी तलाकशुदा पत्नी को जीविकोपार्जन के लिए मासिक भत्ता दे। न्यायालय ने यह निर्णय अपराध दंड संहिता की धारा-125 के अंतर्गत लिया था। विदित रहे कि अपराध दंड संहिता की यह धारा सब लोगों पर लागू होती है चाहे वे किसी भी धर्म, जाति या संप्रदाय से संबंध रखते हों। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से मुस्लिम महिलाओं की स्थिति बेहतर हो जाती परन्तु कट्टरपंथियों को यह सहन नहीं हुआ। उन्होंने ऑल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड नाम की संस्था का गठन किया तथा सरकार को देशभर में आन्दोलन की चेतावनी दे डाली। परिणामस्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कट्टरपंथियों के आगे झुक गए तथा उनकी सरकार ने 1986 में संसद में कानून बनाकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पलट दिया। आज भी यही स्थिति है। मुस्लिम समाज में शाहबानो जैसी महिलाओं की कमी नहीं है। मुस्लिम समाज की महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पहले भाजपा सरकार ने तीन तलाक को रोकने का कानून बनाया और अब समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए प्रयासरत है। भाजपा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि यदि भाजपा सत्ता में आती है तो देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। वर्ष 1998 में भी भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने का वादा किया था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा शासित राज्यों में सामान नागरिक संहिता कानून लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में चुनाव से ठीक पहले हमने समान नागरिक संहिता कानून लाने की घोषणा की थी।

**(लेखक प्राध्यापक एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।)**

Today's **Opinion**

## राष्ट्रवाद की नीति से पूर्वोत्तर के 60 फीसदी भूभाग से हटा आफ्सपा



**डॉ. विश्वास चौहान**

भारत का पूर्वोत्तर सर्वाधिक दहकता हुआ क्षेत्र माना जाता था। अपनी पहचान की लड़ाई में बड़ी संख्या में एक-दूसरे से लड़ रहे लोग सरकारों से भी नाराज रहते आये हैं। इनमें कुछ तो अलगाववाद की हद से आगे जाकर भारत से भी अलग होना चाहते थे। निरन्तर घुसपैठ के कारण यहां धार्मिक आधार पर हिंदुओं, मुसलमानों और ईसाइयों का अनुपात कमोबेश बराबर हो चुका है। घुसपैठ ज्यादातर बांग्लादेश या पुराने पूर्वी पाकिस्तान से होती रही है। दिल्ली स्थित राइट्स एंड रिस्क एनालिसिस ग्रुप के अनुसार, पिछले 50 वर्षों में भारत के आंतरिक सीमा विवादों में 2000 से अधिक मौतें और 85,000 से अधिक विस्थापन हुए हैं। यद्यपि अनौपचारिक आंकड़े इससे कहीं अधिक हैं। भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में अशांति का कारण पूर्व की कांग्रेस सरकारों की तुष्टिकरण की राष्ट्रघाती राजनीति और विकास की उपेक्षा है। पूर्वोत्तर के पांच राज्यों- नागालैंड, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम को 1960 के दशक में असम से अलग किया गया था। जब यहां के भौगोलिक इतिहास का अध्ययन किया गया तो पता चला कि ब्रिटिश औपनिवेशिक विरासत विशेष रुप से चाय बागान मालिकों के हितों की रक्षा के लिए बनाई गई थी। आज की कई अंतरराज्यीय सीमाएं कभी अंतर-जिला सीमाएं थीं। जिला सीमाओं को आमतौर पर स्थायी रुप से तय नहीं माना जाता है। लेकिन जब नए राज्य बनाए गए तो इन परिवर्तनशील रेखाओं को निश्चित अंतर-राज्यीय सीमाओं में बदलने के परिणामों के बारे में बहुत कम सोचा गया। इस दृष्टिकोण से शायद इन सीमाओं पर विवाद होना प्रारम्भ हो गए। कहा जाता है कि स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस ने यहां विकास पर ध्यान नहीं दिया। यहां के गरीब लोगों को ईसाई मिशनरियां धर्मांतरण कर ईसाई बनाती रही। जिन लोगों ने विरोध किया उन्हें हथियारों के बल पर दबाया गया। आरोप तो यहां तक है कि पचास के दशक में अपना वोटबैंक बढ़ाने के लिए कांग्रेस ने खुद यहां घुसपैठ को बढ़ावा दिया था। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने सार्वजनिक भाषण में कहा था कि वे यहां अली और कुली लाएंगे और चुनाव जीतेंगे। कुल मिलाकर इस क्षेत्र में 2014 के पहले की भारतीय सरकारों की अदूरदर्शिता के कारण आंतरिक सीमाओं पर अशांति ही बढ़ती रही। स्थिति यह थी कि चीन अरुणाचल प्रदेश के लिए अलग वीजा जारी करने लगा और कांग्रेस की सरकारें उसे स्वीकृत भी करती थी। मणिपुर में सूर्यास्त के बाद कर्फ्यू लग जाता था, वर्षों तक यह प्रतिबंध वहां की जनता पर कांग्रेस की सरकार ने लगाए रखे। मेघालय में जातीय पहचान की समस्या थी, असम के मूल निवासी बोडो जनजातीय को घुसपैठी जेहादियों से संघर्ष करना पड़ा। इसी अशांति के कारण असम और केंद्र की कांग्रेस सरकारों ने यहां की जनता से आत्मीयता प्रदर्शित करने या यहां विकास पर ध्यान देने के बजाय उन्हें बलपूर्वक दबाने की नीति के तहत अलगाववाद की समस्या बताकर, सेना को कार्रवाई में मदद के लिए 11 सितंबर 1958 को सशस्त्र सेना विशेषाधिकार कानून अर्थात आफस्पा पारित किया था। आपको पता ही है कि इरोम शर्मिला इसी एएफएसपीए हटाने की मांग को लेकर कई वर्षों तक भूख हड़ताल पर रहीं। राजीव गांधी और ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन के बीच हुए करार को लागू करने की मांग की जाती रही। हत्याएं और अशांति बढ़ती रही। भारत की मौजूदा मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर को भारत का अभिन्न अंग मानते हुए वहां विकास एवं जनता से आत्मीयता और प्रेम का व्यवहार किया। यही कारण रहा कि 2016 के बाद से अबतक राज्य में 3439 चरमपंथियों ने आत्मसमर्पण किया है। वर्तमान में भी अल्फा (प्रो-टॉक), कुकी रिवोल्यूशनरी आर्मी, यूनाइटेड कुकीगाम डिफेंस आर्मी, हमार पीपुल्स कन्वेंशन-डेमोक्रेटिक सहित 11 चरमपंथी संगठनों के साथ सरकार शांति वार्ता कर रही है। कुल मिलाकर उक्त भूमिका का लब्बोलुआब यह है कि भारत के कई क्षेत्रों में अशांति फैली हुई थी। मोदी सरकार के आने के बाद से नहीं बल्कि नेहरु के समय से ही। यह सबको पता है कि कश्मीर घाटी में भी अलगाववाद नेहरु के समय शुरु हुआ।

**(लेखक, प्राध्यापक हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन नः-06252-296796, प्रसारः-9470050309
ईमेलः- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# भाजपा पूंजीपतियों के साथ गरीबों से भी मुनाफा कमाना चाहती है : अखिलेश



बीएनएम@आजमगढ

आजमगढ। जिले में दो स्थानों पर श्रद्वाजलि सभा और शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। ज्ञानवापी के विवाद पर उन्होंने कहा कि वह पुरानी मस्जिद थी और भाजपा मूल मुद्दो से ध्यान भटकाने के लिए साजिश रच रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में बुल्डोजर चल रहा है, लेकिन सोमवार को जिस अस्पताल का मुख्यमंत्री ने उद्धाटन किया वह भी अवैध है। पत्नी डिपंल के चुनाव लड़ाने के कयासों पर उन्होंने कहा कि इसका फैसला पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक में लिया जायेगा। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि वन नेशन और वन राशन का नारा देने वाले कही एक देश एक पूंजीपति का नारा न दे दे। कहा कि भाजपा उद्योगपतियों के साथ अब गरीबों से भी मुनाफा कमाना चाहती है। मंगलवार की दोपहर में पूर्वांचल एक्सप्रेस से सपा मुखिया अखिलेश यादव फूलपुर पवई के पूर्व विधायक श्यामबहादुर यादव के घर पर पहुंचकर उनकी मां को श्रद्वाजलि देकर शोक संवेदना प्रकट किया।इसके बाद वे दीदारगंज थाना क्षेत्र के गद्दोपर गांव निवासी पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा के घर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी को श्रद्वाजलि दी। इस दौरान मीडिया कर्मीयों से बातचीत करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद बहुत पुरानी रही है। ये भाजपा के द्वारा जानबूझकर साजिश है। भारतीय जनता पार्टी के अद्दश्य सहयोगी जो समय-समय पर बाहर निकल कर आते है और जानबूझकर नफरत के बीज बोते है। जहां तक कोर्ट का सवाल है तो इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी और फैसलों में भी कहा गया है कि पुरानी चीजों को नहीं उठाया जा सकता है। बावजूद इसके भाजपा हिन्दू-मुस्लिम लोगों के बीच नफरत फैली रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक तो भाजपा उद्योगपतियों से मुनाफा कमा रही थी अब गरीबों से भी मुनाफा कमाना चाहती है। भाजपा को उद्योगपतियों की तरफ से सबसे अधिक चंदा मिला है। ये ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो गरीबों से भी मुनाफा कमाना चाहती है। जब गेहूं खरीदा जा रहा है तो कोई कीमत नहीं रही और जब राशन दिया जा रहा था तो कोई शर्त नही थी, लेकिन अब चुनाव जीत गये तो गरीबों को पहचानते तक नहीं है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था खराब होने के सवाल पर कहा कि जब ये लोग पुलिस के बल पर चुनाव जीतेगें तो पुलिस क्या कानून व्यवस्था सही करेगी

## NEWS IN BRIEF

### प्रेम में पागल पत्नी ने करायी थी पति की हत्या, गिरफ़्तार

गोरखपुर। प्रेम में बाधक बन रहे पति की हत्या करवाने वाली पत्नी को गुलरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करवा दी थी। पुलिस लाइन वाइट हाउस सभागार में पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने प्रेसवार्ता कर मंगलवार को बताया कि प्रेम में बाधक बन रहे पति छोटेलाल को अपने प्रेमी रामदरस के साथ मिलकर पत्नी रीना ने ही हत्या करायी थी। प्रेमी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें कि गुलरिया थाना क्षेत्र के डुमरी नंबर 2 खपडहवा निवासी छोटेलाल की हत्या 06 मई 2022 को हत्या कर दी गई थी। मामले में गुलरिया थाने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 120 बी भादवि पंजीकृत हुआ था। गुलरिया थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार बाजपेई के विवेचना के दौरान पता चला कि छोटेलाल की हत्या में पत्नी शामिल है। फिर, पुलिस ने पत्नी से पूछताछ की। पुलिसिया पूछताछ में टूट चुकी पत्नी ने पति के उसके प्रेम सम्बंधों में बाधक बनने की बात स्वीकारी है। फिर, उसने अपने प्रेमी रामदरस के साथ मिल करके पति छोटेलाल की हत्या करवा दी।

### 25 हजार रुपये का ईनामी डकैत एसटीएफ के हत्थे चढ़ा

हमीरपुर। ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव में सर्राफा व्यवसायी की दुकान से लाखों रुपये के सोने, चांदी के जेवरात और नकदी लूटने की घटना में फरार एक डकैत को प्रयागराज की एसटीएफ फील्ड यूनिट ने आज गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित था। पुलिस ने इसके कब्जे से लूटी गई रकम व अवैध असलहे बरामद किए है।

## गोण्डा : माफिया और उसके भाई की पौने दो करोड़ की संपत्ति कुर्क

बीएनएम@

गोण्डा। जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार के निर्देश पर जिला व पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को माफिया और उसके भाई की एक करोड़ 84 लाख 71 हजार 186 रुपये की संपत्ति को कुर्क किया है। नवाबगंज थाना के गांव दुर्गागंज माझा निवासी इंदल यादव व उसके भाई महेश कुमार का एक संगठित गिरोह है। इसके जरिये इन दोनों भाईयों ने करोड़ों रुपये की सम्पत्ति अर्जित किया था। ये दोनों लगातार अपराधिक गतिविधियों का संचालन कर रहे थे। इनके विरुद्ध कई आपराधिक मुकदमा पंजीकृत हैं। प्रशासन ने इनके विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की धाराओं में कार्यवाही करते हुए संपत्ति जप्त की है। जिलाधिकारी ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होकर अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित करने वाले लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## योगी कैबिनेट ने पारित किए छह प्रस्ताव, प्रधानमंत्री का जताया आभार

बीएनएम@लखनऊ।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी कैबिनेट ने मंगलवार को छह प्रमुख प्रस्ताव पारित किए। बैठक के दौरान कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज राजधानी में कैबिनेट बैठक हुई। इस दौरान प्रोटोकॉल तोड़कर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राज्य सरकार के मंत्रियों को संबोधित करने के लिए उनके प्रति आभार जताया गया। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार शाम को पहली बार उप्र के सभी मंत्रियों के साथ बात की थी। योगी कैबिनेट ने आज की बैठक में छह प्रमुख प्रस्तावों को पारित किया। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट ने औद्योगिक विकास से जुड़े दो प्रस्तावों को पारित किया। इसके अलावा प्रदेश में बन रहे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी। साथ ही माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़े संशोधन विधेयक पर भी प्रस्ताव पारित किया गया। वही चिकित्सा शिक्षा से जुड़ा हुआ एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा सत्र के संबंध में भी चर्चा की गई। गौरतलब है कि 18वीं विधानसभा का बजट सत्र 23 मई से प्रारम्भ हो रहा है।

## युवती की हत्या में सुरेंद्र कोली और मोनिंदर पंढेर दोषी करार

बीएनएम@गाज़ियाबाद

गाज़ियाबाद। नोएडा के बहुचर्चित निठारी नरकंकाल कांड में एक युवती की हत्या के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने मंगलवार को मुख्य आरोपित सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर को दोषी करार दिया है। तत्कालीन सब इंस्पेक्टर सिमरनजीत कौर को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सज़ा पर 19 मई को बहस के बाद सज़ा सुनाई जाएगी। अदालत ने कोली को युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या तथा साक्ष्य छुपाने की धाराओं में जबकि पंढेर को अनैतिक देह व्यापार करने की धाराओं में सज़ा सुनाई है। उत्तराखंड में उधमसिंह नगर जनपद निवासी एक सख्स नौकरी की तलाश में साल 2005 में यूपी के जिला गौतमबुद्ध नगर में आया था। उसकी बेटी भी अपने लिए नौकरी तलाश रही थी। आरोप है कि 7 मई, 2006 को उसकी बेटी को नौकरी के लिए मोनिंदर सिंह पंढेर ने बुलाया, जिसके बाद वह घर नहीं लौटी।



## बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे जून तक पूरा करें: योगी



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां उच्चस्तरीय बैठक कर प्रदेश में कोविड व्यवस्था के साथ विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे को जून तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पावन 'बड़ा मंगल' के दृष्टिगत स्वच्छता, पेयजल आदि की आवश्यक व्यवस्था कराई जाए। लोगों की धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि धार्मिक आयोजनों से सड़क यातायात बाधित न हो। धार्मिक कार्य निर्धारित स्थलों पर ही किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण की कार्यवाही अंतिम चरण में है। इसे जून अंत तक पूर्ण करा लिया जाए। बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण की कार्यवाही में तेजी की अपेक्षा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षात्मक जिलों में उत्तर प्रदेश के सभी आठ जिलों ने विकास के विविध मानकों पर सराहनीय कार्य किया है। नीति आयोग ने भी विभिन्न जनपदों के प्रयासों को सराहा है। प्रदेश के सभी आकांक्षात्मक जिलों की अब तक की प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें। इसी प्रकार, 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों की कार्यवाही की जानी चाहिए। योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार की भावी कार्ययोजना के सम्बंध में विगत दिनों मंत्रिपरिषद के समक्ष सेक्टरवार प्रस्तुतिकरण हो चुका है। सभी 10 सेक्टरों के लिए 10 वरिष्ठ अधिकारियों को नियुक्त कर कार्ययोजना के क्रियान्वयन व प्रगति की सतत मॉनिटरिंग की जाए। इसके साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा के व्यापक महत्व को देखते हुए पुलिस, यातायात, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, परिवहन, नगर विकास, पीडब्ल्यूडी आदि संबंधित विभागों के परस्पर समन्वय के साथ जागरुकता अभियान की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

# मुंडका अग्निकांड : बिल्डिंग और फैक्टरी मालिक गोयल बंधु एक दिन की पुलिस हिरासत में



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने मुंडका अग्निकांड में गिरफ्तार बिल्डिंग के मालिक मनीष लाकड़ा और फैक्टरी के मालिक हरीश गोयल और वरुण गोयल को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट उदिता जैन गर्ग ने तीनों को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर गुलशन नागपाल ने कहा कि इस घटना में 27 शव बरामद किए गए, जिसमें आठ शवों की पहचान हो सकी है। बाकी शवों के डीएनए से उनकी पहचान की कोशिश की जा रही है। नागपाल ने कोर्ट से कहा कि शवों की पहचान के लिए उन्हें फैक्टरी में काम करने वाले कर्मचारियों की लिस्ट चाहिए। ये लिस्ट हरीश गोयल और वरुण गोयल के कब्जे में है। कई कर्मचारी दूसरे राज्यों के हैं। नागपाल ने कहा कि हरीश और वरुण गोयल के पिता की भी दम घुटने से मौत हो गई थी। उनके शव की पहचान के लिए गोयल बंधुओं का ब्लड सैंपल लेने के लिए हिरासत जरुरी है। उसके बाद कोर्ट ने तीनों को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। मनीष लाकड़ा को 15 मई को घेवरा मोड़ से गिरफ्तार किया गया था। वह हरिद्वार भागने की फिराक में था। वह हादसे वाली बिल्डिंग की छत पर दो बेड रुम वाले सेट में परिवार के साथ रह रहा था। हादसे के बाद मनीष लाकड़ा अपने परिवार समेत दिल्ली से भागकर हरियाणा चला गया था। पकड़े जाने की डर से उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया था। बाद में उसने फोन को तोड़ दिया ताकि उसका किसी को सुराग नहीं मिल सके। मुंडका की जिस इमारत में 13 मई को आग लगी थी उसकी दूसरी मंजिल पर एक मीटिंग चल रही थी। उसी दौरान आग लगने से कई लोग इसमें फंस गए। बिल्डिंग में कोई आपातकालीन निकास द्वार न होने से 27 लोगों की मौत हुई है। पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर में मनीष लाकड़ा, उसकी मां और पत्नी के अलावा किराये पर लेने वाले दोनों भाइयों हरीश और वरुण गोयल को आरोपित बनाया गया है। एफआईआर के मुताबिक गोयल बंधुओं ने अपने कर्मचारियों की सुरक्षा का ख्याल नहीं रखा था।

## NEWS IN BRIEF

### पंजाब ने केंद्र से मांगी अर्ध सैनिक बल की दस बटालियन

चंडीगढ़। पंजाब में लगातार हो रही पाकिस्तानी ड्रोन घुसपैठ और गैंगवार की घटनाओं के चलते पुलिस महानिदेशक ने गृहमंत्रालय से अर्ध सैनिक बलों की दस बटालियन पंजाब में तैनात करने की मांग की है। डीजीपी ने इस संबंध में एक पत्र केंद्रीय गृह मंत्रालय को लिखा है। पंजाब सरकार की इस कार्रवाई पर विपक्षी राजनीतिक दलों ने सरकार को घेर लिया है। पंजाब में पिछले दो माह के दौरान गैंगवार, पाकिस्तानी ड्रोन घुसपैठ की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इन सब घटनाओं के चलते पंजाब पुलिस महानिदेशक वीके भावरा ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर अर्ध सैनिक बलों की दस कंपनियां पंजाब में तैनात करने की मांग की है। डीजीपी का तर्क है कि सीमा पार से अशांति फैलाने की कार्रवाई लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में अर्ध सैनिक बलों की तैनाती जरूरी है। पंजाब सरकार द्वारा केंद्र से मदद मांगने के मुद्दे पर पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि अब भी समय है मुख्यमंत्री भगवंत मान पंजाब के सीएम की चिंता छोड़कर पंजाब पुलिस के जवानों को पंजाब की सुरक्षा में तैनात करें।

उधर, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब लोक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि आप सरकार के कार्यकाल के दौरान राज्य को कठोर सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र सरकार ने पिछले साल जब बीएसएफ का कार्यक्षेत्र 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 30 किलोमीटर किया था तो आप ने इसका विरोध किया था। अमरिंदर सिंह ने कहा कि केंद्र के फैसले का विरोध करने वालों को अब खुद इस फैसले की कीमत पता लग गई है।

# हिमाचल पुलिस भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले की होगी सीबीआई जांच

बीएनएम@शिमला

शिमला। बहुचर्चित हिमाचल प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले को गंभीर मानते हुए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इसकी जांच सीबीआई से करवाने का ऐलान किया है। जयराम ठाकुर ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास ओकओवर में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रश्न पत्र लीक की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और इसकी निष्पक्ष व पारदर्शी जांच करवाने के लिए राज्य सरकार ने इसे सीबीआई को भेजने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए अपने स्तर से एसआईटी का गठन किया है, जो इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और अब तक 73 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्यमंत्री ने एसआईटी की पीठ थपथपाते हुए कहा कि प्रश्नपत्र लीक मामले में एसआईटी ने बेहतरीन काम किया है।

# सहारा ग्रुप को हाई कोर्ट से मिली राहत के खिलाफ सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट


बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट जांच एजेंसी सीरियस फ्राड इंवेस्टिगेशन आर्गेनाइजेशन (एसएफआईओ) की उस याचिका पर सुनवाई करने को तैयार हो गया है, जिसमें सहारा समूह की फर्मो को राहत देने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। मंगलवार को इस याचिका को एसएफआईओ की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष पेश किया। उसके बाद कोर्ट ने इस याचिका को लिस्ट करने का आदेश दिया। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कोर्ट को बताया कि हाई कोर्ट ने सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत राय के खिलाफ जारी लुकआउट नोटिस समेत कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट के इस आदेश पर रोक लगाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि इस रोक की वजह से सहारा समूह की कंपनियों के खिलाफ चल रही जांच पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर, 2021 को दिल्ली हाई कोर्ट ने सहारा समूह की सहारा हाउसिंग इंवेस्टमेंट कारपोरेशन लिमिटेड और दूसरी कंपनियों के खिलाफ जांच की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट ने 31 अक्टूबर, 2018 और 27 अक्टूबर, 2020 के केंद्र सरकार के जांच के आदेश पर भी रोक लगाई थी। एसएफआईओ ने हाई कोर्ट के इसी आदेश को चुनौती दी है।

# उत्तराखंड : करीब चार लाख यात्रियों ने किए बदरी-केदार के दर्शन

बीएनएम@देहरादून

देहरादून। उत्तराखंड में चार धाम के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में रोजाना हजारों की बढ़ोत्तरी रही है। निर्विघ्न, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा के लिए उत्तराखंड सरकार ने कई कदम उठाये हैं। कपाट खुलने से लेकर आज 17 मई तक बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में चार लाख के करीब श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं। श्री केदारनाथ धाम के कपट छह मई को खुले हैं। तब से आज शाम चार बजे तक कुल दो लाख 14 हजार 923 श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ के दर्शन किये हैं। आज यानी 17 मई को शाम 4 बजे तक केदारनाथ में 12 हजार 185 श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं। श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 8 मई को खुले थे। आठ मई से आज 17 मई के शाम चार बजे तक एक लाख 78 हजार 705 श्रद्धालुओं ने बाबा बद्री विशाल के दर्शन किये हैं। आज शाम चार बजे तक श्री बदरीनाथ धाम में 14 हजार 677 श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं। इस तरह अब तक दोनों धाम में कुल 3 लाख 93 हजार 628 तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं।



# किसानों ने पंजाब सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा



बीएनएम@चंडीगढ़

चंडीगढ़। पंजाब के किसानों ने प्रदेश सरकार पर अपनी मांगों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। किसान संगठन मंगलवार को चंडीगढ़ सीमा पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। किसान इस समय पंजाब की सीमा में बैठे हैं। किसानों ने सरकार को बुधवार तक का समय दिया है। इसके बाद वह चंडीगढ़ के लिए कूच करेंगे। पंजाब के विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि बलदेव सिंह सिरसा, जगजीत सिंह डल्लेवाल, हरिंदर सिंह लक्खोवाल व कई अन्य नेताओं ने बताया कि उनकी पिछले महीने मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई थी। जिस बैठक में मांगों पर सहमति के बावजूद सरकार उन्हें लागू करने से पीछे हट गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने धान की रोपाई को लेकर शेडयूल जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि किसानों को बीस मई की बजाय दस जून से धान की रोपाई की मंजूरी दी जाए। किसान संगठन प्रदेश भर में चिप वाले मीटर लगाने का फैसला वापस लेने, गेहूं पर प्रदेश सरकार की तरफ से 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिए जाने, बासमती चावल का एमएसपी 4500 रुपये प्रति क्विंटल तय करने, सहकारी बैंकों द्वारा 22 हजार किसानों के खिलाफ चलाए जा रहे केस वापस लेने, मूंग व मक्का की एमएसपी की अधिसूचना जारी करने तथा बीबीएमबी में पंजाब की सदस्यता को बहाल करने की मांग कर रहे हैं। पंजाब सरकार किसी भी मांग को लेकर गंभीर नहीं है। पंजाब भर से मोहाली पहुंचे हजारों किसानों ने आज दिनभर मोहाली में शक्ति प्रदर्शन करके चंडीगढ़ की तरफ कूच किया। मोहाली पुलिस ने किसानों को रोकने का प्रयास किया लेकिन किसानों ने पंजाब पुलिस द्वारा लगाया पहला बैरीकेड तोड़ते हुए चंडीगढ़ की तरफ कूच किया। इसके चलते पुलिस के साथ काफी देर तक धक्का-मुक्की भी हुई। भारी हंगामे के बाद पंजाब भर से आए हुए किसान मोहाली-चंडीगढ़ बार्डर पर पंजाब की सीमा में धरने पर बैठ गए। किसानों ने ऐलान किया है कि अगर बुधवार की सुबह तक सरकार ने कोई फैसला नहीं लिया तो वह सीएम आवास की तरफ कूच करेंगे।

BNM Fantasy



# रेड पैंट सूट में स्पॉट हुईं उर्वशी

उर्वशी रौतेला हाल ही में एयरपोर्ट लुक में नजर आईं, रेड ड्रेस में उनके लुक को काफी पसंद किया गया. इस रेड आउटफिट में उनका टोंड फिगर फ्लॉन्ट हो रहा था. उर्वशी रौतेला एक फैशन आइकन है और सिंपल से पैंट सूट को उन्होंने नया रूप दिया था, एक कॉर्सेट टॉप के साथ उन्होंने पैंट और ब्लेज़र पहना था. एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को चश्मे, ब्लैक हील्स और स्टेटमेंट नेकलेस के साथ पूरा किया था. उन्होंने अपने बालों को एक पोनीटेल में बांधा था और न्यूड लिपस्टिक के साथ एक मिनिमल मेकअप किया था. एक्ट्रेस शटरबग्स के लिए पोज़ देते हुए स्माइल करती दिखीं. उर्वशी फैशन को हमेशा स्टाइल और आराम के साथ कैरी करती हैं.

## *अवनीत कौर ने कराया हॉट फोटोशूट, वायरल हुए तस्वीरें*

टेलीविजन इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस अवनीत कौर इंटरनेट सेंसेशन बनी हुई हैं। सोशल मीडिया पर उनकी आए दिन कोई न कोई तस्वीर वायरल होती रहती है। अवनीत कौर अपने चाहने वालों के लिए हर दिन कुछ न कुछ लव डोज देती रहती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस थाईलैंड की तस्वीरों को लेकर खूब चर्चा में हैं। अवनीत कौर बेहद हॉट फोटोशूट करवाती हैं और उनकी एक झलक के लिए फैंस बेताब रहते हैं। ब्यूटी क्वीन अवनीत सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अवनीत कौर अपने लुक्स और ड्रेसिंग के कारण हर दिन खबरों में छाई रहती हैं। अवनीत कौर की अब एक तस्वीर खूब वायरल हो रही है। जिसमें वह बाथ टब मे लेट कर हॉट पोज देती नजर आ रही हैं।बता दें कि अवनीत ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ नयी फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह ब्लू कलर की मोनोकनी पहनी हुई नजर आ रही हैं। अवनीत ने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए हल्की ऑरेंज शेड रंग की लिपस्टिक लगाई हुई है साथ ही लाइट कलर का मेकअप किया हुआ है । अवनीत ने अपनी उंगलियों पर दो कलर की नेलपॉलिश का इस्तेमाल किया है, जिसमें एक रेड तो दूसरा येलो कलर का है। इसके साथ ही अपने बालों का बन बनाया हुआ है। इन तस्वीरों में अवनीत बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस लग रही हैं। अवनीत के लेटेस्ट तस्वीरों की बात करें तो इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने बेहद हॉट अंदाज में कई अलग-अलग पोज दिए हैं। बाथटब में बैठकर कराए फोटोशूट में अवनीत काफी क्यूट भी दिखाई दे रही हैं।



# कंगना ने कहा- राजस्थान मे बुलडोजर वाली सरकार चाहिए

### *लोग बोले-जैसे महाराष्ट्र में आपके घर भेजा*




अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियाँ बटोरने वालीं अभिनेत्री कंगना रनौत ने राजस्थान सरकार को लेकर अब एक बयान दिया है। पिछले दिनों हिंसा के चलते राजस्थान खूब सुर्खियों में रहा, वहीं अब फिल्म प्रमोशन के लिए राजस्थान पहुंची कंगना रनौत ने कहा है कि सरकार ऐसी लाओ, जो दंगों को कंट्रोल कर सके या फिर दंगाइयों के घर बुलडोजर भेज सके। कंगना रनौत ने कहा, 'ऐसी गवर्नमेंट राजस्थान में भी लाओ, जो क्राइम मिटाए।' बुलडोजर विवाद पर कंगना ने कहा कि 'बुलडोजर ले आएं तो सब ठीक हो जाएगा।' लोगों का मानना है कि कंगना, इशारों ही इशारों में भाजपा सरकार लाने की बात कह रही थी। सोशल मीडिया पर लोग कंगना रनौत के इस बयान पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। राजेश भारती नाम के यूजर ने लिखा कि 'इनको एक्टिंग छोड़ कर राजनीति में जाना चाहिए, ये पिछले दरवाजे से क्यों बात करती हैं?' अमित रेवाल नाम के यूजर ने लिखा, 'माफ करो मैडम, हमारे राजस्थान में जो है, वही ठीक है।' सुजीत पवार नाम के यूजर ने लिखा,' बुलडोजर महाराष्ट्र में भी बनते हैं।' राहुल काजल नाम के यूजर ने लिखा कि 'जब BMC की जेसीबी चली थी, तब कैसा लगा था? राजेंद्र चौधरी नाम के यूजर ने लिखा कि 'राजस्थान की चिंता करने के लिए यहां की जनता ही काफी है।' चन्द्र शेखर ने लिखा कि 'जब BMC का बुलडोजर चला था तब तो विरोध कर रही थी।' एक अन्य यूजर ने लिखा कि 'ये तो धाकड़ छोरी है, बिंदास बोलेगी लेकिन साथ में खड़े अर्जुन रामपाल को समझ नहीं आ रहा कि क्या बोलूं, कौन सी एक्टिंग करूं?'बैस सिंह नाम के यूजर ने लिखा कि 'ये काम कांग्रेस ने 2014 से पहले किया होता तो आज ये दिन देखना ही नहीं पड़ता। गुजरात दंगो के मास्टरमाइंड को जेल में ना डाल के कांग्रेस ने आज देश को बर्बादी की तरफ धकेल दिया है।' आहिश बंसल नाम के यूजर ने लिखा कि 'BMC बुलडोजर लेकर गयी थी, तब सबके पेट में दर्द हो गया था। अब झांसी की रानी को बुलडोजर चाहिए।'


ISO 9001 : 2015

# हर्ष हॉस्पीटल


बनकट, N.H.28A Hyundai
शो-रूम के नजदीक, मोतिहारी



24/7 DIALYSIS




ICU



ISO 9001:2015

## HARSH HOSPITAL

**Dr. Manish Kumar (Director)**
M.B.B.S., D.A. (BNMU)

## Dr. Manish Kumar

**Director** Cum
Vice President Congress
Bihar State Committee
(Medical Cell)

24/7
आपातकालीन सेवा

Mob.: 9905266498, 9939297978
Email: harshhospitalmth@gmail.com

**(1) ANASTHESIA AND CRITICAL CARE**
Dr. MANISH KUMAR
MBBS BA (KMC BIHAR)
Dr. RAKESH KUMAR
MBBS, MD (PMCH)

**(2) GENERAL SURGERY & LAPROSCOPY**
Dr. AMIT KUMAR
MBBS (DNB SURGERY)

**(3) UROLOGY**
Dr. AMIT KUMAR
MBBS (DNB SURGERY)

**(4) GYNAE & O.B.S.**
Dr. SANGEETA SINGH
(MBBS, MS)
Dr. RASMI SHREE
(MBBS, DNB)

**(5) ORTHOPEDICS**
Dr. KUMAR SAURABH
(MBBS, MS)
Dr. SANJEEV KUMAR
(MBBS, DIO)

**(6) NEURO SURGERY**
Dr. PRADEEP KUMAR
(MBBS, MS, MCH) SUNDAY

**(7) MEDICINE DEPARTMENT**
Dr. ASHUTOSH KUMAR
(MBBS, MD)
Dr. SUMIT KUMAR
(MBBS, MD)

**(8) PEDIATRIC DEPARTMENT**
Dr. PANKAJ KUMAR
(MBBS, MD)
Dr. SUMIT KUMAR
(MBBS, MD)
Dr. FIROJ ALAM
(MBBS, DCH)

**(9) DENTAL**
Dr. RAVI RANJAN SINGH
(BDS)
Dr. JAYDEEP KUMAR
(BDS)
Dr. GAURAV KUMAR
(BDS, MDS)

**(10) GASTROENTEROLOGY**
Dr. RAJ KUMAR DEEPAK
(MBBS, MD)

**(11) NEURO PSYCHIATRIC**
Dr. HEMANT KUMAR
MBBS, MD (BHU)

**(12) ENT**
Dr. RISHANK KISHOR
(MBBS, MS)
Dr. MADHUR KR. VERMA
(MBBS, MS)

**(13) OPTHALMOLOGY**
Dr. NARAYAN KUMAR
(MBBS, MS)
Dr. SABIT HASSAN
(MBBS, MS)

**(14) DERMATOLOGY**
Dr. JAMAL AKHTAR
MBBS, MD, (PMCH)

**(15) PHYSIOTHERAPY**
Dr. ANAND KUMAR
BPT, MPT
Dr. RAHUL KR. MISHRA
BPT
Dr. NADEEM ZAFAR
BPT, MPT